**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION YEAR 2024- 2025**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS : VI**
**DATE : 30/09/2024** **MARKS : 80**

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answer Sheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) मेरी प्रिय पुस्तक ii) सुबह की सैर iii) हमारे सैनिक
iv) इंटरनेट के लाभ और हानि

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

i) अपनी कक्षा में पीटी पीरियड न मिलने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

अथवा

ii) विद्यालय में हुए गुरुपूर्णिमा के कार्यक्रम के विषय में बताते हुए दादा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसी देश में अमरसेन नाम का एक राजा था। वह बहुत वीर और प्रजा का हित चाहने वाला था। उसकी प्रजा भी उसे बहुत चाहती थी। एक बार किसी बात से नाराज़ होकर उसके पड़ोसी राजा ने उस पर आक्रमण कर दिया। राजा अमरसेन अपनी सेना के साथ बहुत वीरता से लड़ा परंतु भाग्य ने उसका साथ न दिया। युद्ध में उसकी पराजय हुई। उसके बहुत से सैनिक मारे गए। शत्रु के सैनिक उसे जीवित पकड़ना चाहते थे पर वह किसी तरह युद्धभूमि से बचकर वहाँ से भाग निकला। शत्रु से बचता-बचाता वह एक जंगल में जा पहुँचा। वह छिपकर एक गुफ़ा में रहने लगा। गुफ़ा में रहते-रहते उसे अपने परिवार व देश की बहुत याद आती था। वह किसी तरह अपना खोया राज्य पुनः पाना चाहता था, परंतु उसे कोई उपाय सूझ नहीं रहा था। वह मन हारकर बैठ गया। एक दिन वह गुफ़ा में बैठा कुछ सोच रहा था, तभी उसकी दृष्टि एक मकड़ी पर पड़ी। वह दीवार पर चढ़ने का प्रयास कर रही थी। राजा ने देखा मकड़ी ऊँचाई पर चढ़ती और फिसलकर नीचे गिर पड़ती। मकड़ी ने अनेक बार प्रयत्न किए। हर बार मकड़ी जब नीचे गिर जाती तो अमरसेन को उस पर दया आ जाती। वह सोचने लगा कि बहुत हो चुका अब शायद मकड़ी की हिम्मत ने जवाब दे दिया है। अब वह दीवार पर चढ़ने की कोशिश नहीं करेगी। पर वह यह देखकर हैरान रह गया कि मकड़ी ने फिर से हिम्मत जुटाई और इस बार दीवार पर चढ़ने में सफल हो गई। यह देखकर अमरसेन को

सुखद आश्चर्य हुआ। इस घटना ने उस पर गहरा प्रभाव डाला। उसका खोया हुआ विश्वास फिर से जाग उठा। उसने सोचा, जब एक मकड़ी बार-बार गिरने पर भी कोशिश कर दीवार पर चढ़ सकती है, तो भला मैं अपने शत्रुओं को क्यों नहीं हरा सकता। राजा अमरसेन की आँखों में आशा की चमक आ गई। उसने नए जोश एवं साहस के साथ अपनी सेना तैयार की और शत्रु पर धावा बोल दिया। शत्रु अचानक हुए इस हमले के लिए तैयार नहीं था। शत्रु की हार हुई अमरसेन को अपना राज्य फिर से मिल गया। किसी ने ठीक कहा है- "मन के हारे हार है मन के जीते जीत।

प्रश्न –

i) राजा का क्या नाम था ? वे कैसे राजा थे? [2]

ii) राजा पर किसने आक्रमण किया ? युद्ध का क्या परिणाम निकाला ? [2]

iii) किस घटना ने राजा पर गहरा प्रभाव डाला ? [2]

iv) शत्रु कैसे हार गया ? [2]

v) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I ( मैथिली )

i) घर छोड़ते समय बूँद क्यों घबरा रही थी ? [3]

ii) सूचना जगत में क्रांति कैसे आई ? समझाकर लिखिए I [3]

iii) ' अनोखा पुरस्कार ' कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [3]

iv) जंगल के जानवर गीदड़ से क्यों चिढ़ने लगे ? स्पष्ट कीजिए I [3]

v) वनरक्षक ने राजा की किस बात में सच्चाई की कमी बताई ? [3]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए I

नाम : ____________ कक्षा : ____________ अनुक्रमांक : ____________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए I [3]

बह गई ____________

____________

____________

____________ पड़ी मोती बनी।

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए I [5]

i) गीदड़ पर किसने दया दिखायी ?

____________

ii) लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या फैला है ?

____________

iii) लोगों को अभिव्यक्ति के लिए कौन-सा मंच मिला ?

____________

iv) अगर बूँद कमल पर गिरती तो क्या होता ?

____________

v) राजा ने तलवार किसे दी ?

____________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए। [3]

i) मुनासिब - ____________ ii) आहट - ____________

iii) अकसर - ____________ iv) कर्णधार - ____________

v) विशेष - ____________ vi) हुज़ूर - ____________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए। [2]

i) " ओह! तुम जैसे मुनासिब समझो,करो। राजधानी यहाँ से दस मील (१६ किमी) पर है।"

____________ ने ____________ से कहा।

ii) " मैं चाहती हूँ कि अब आप आराम करें "।

____________ ने ____________ से कहा।

प्रश्न 9 उचित विकल्प के सामने सही [✔] का निशान लगाइए। [5]

i) गीदड़ को शेर कहाँ ले गया ?

(क) वन (ख) बगीचा (ग) गुफा (घ) गाँव

ii) लोग क्या अपनाकर अपना श्रम और समय बचा रहे हैं ?

(क) नेट बैंकिंग (ख) योग (ग) व्यायाम (घ) संगीत

iii) हवा बूँद को कहाँ ले गई ?

(क) समुद्र की ओर (ख) झील की ओर (ग) तालाब की ओर (घ) गाँव की ओर

vi) राजा ने वनरक्षक को अपना परिचय किस रुप में दिया ?

(क) राजा के अफ़सर के रुप में (ख) राजा के सैनिक के रुप में

(ग) राजा के सेवक के रुप में (घ) राजा के सरदार के रुप में

v) ऊँची चट्टान पर कौन बैठा था ?

(क) शेर (ख) गीदड़ (ग) हाथी (घ) सारे जानवर

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। [3]

1) निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दों के उचित [✓] विकल्प चुनिए।

i) कमल - i) अरविंद, राघव ii) पंकज, सुरेश
iii) जलज, पंकज iv) अरविंद, श्याम

ii) अग्नि - i) हुताशन, अनल ii) अनल, समीर
iii) आग, हवा iv) अनल, अंबर

iii) आदमी - i) देव, नरेश ii) नर, श्याम
iii) नर, मनुष्य iv) मानव, समीर

2) निम्नलिखित विलोम शब्दों के उचित [✓] विकल्प चुनिए। [2]

i) अंधकार -
i) उजाला ii) रोशनी iii) प्रकाश iv) अंध

ii) कायर -
i) महान ii) वीर iii) योद्धा iv) शक्तिशाली

iii) अपना -
i) सगा ii) मित्र iii) साथी iv) पराया

iv) सुर -
i) असुर ii) राक्षक iii) देव iv) संगीत

3) निम्नलिखित <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द</u> का प्रयोग कीजिए। [3]

i) दूसरे देशों से मँगाया जाना - ______________

ii) समाज से संबंधित - ______________

iii) काम में लगा रहनेवाला - ______________

iv) जो पहले हो चुका हो - ____________

v) जल में रहनेवाला - ____________

vi)जिसका इलाज न हो सके - ____________

4) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए । [2]

i) पूज्य - ____________ ii) दरज़ी - ____________

iii) रीछ - ____________ iv) क्षत्रिय - ____________

5) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । [2]

i) कथा - ____________ ii) नीति - ____________

iii) नारी - ____________ iv) पेंसिल - ____________

6) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से भाववचक संज्ञा शब्द बनाइए [2]

i) चतुर - ____________ ii) नौकर - ____________

iii) चढ़ना - ____________ iv) प्यास - ____________

7) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रुप लिखिए I [2]

i) बिमार - ____________ ii) रानीयाँ - ____________

iii) रूपया - ____________ iv) त्यौहार - ____________

8) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए I [4]

i) आँखें बिछाना - ____________

ii) कमर कसना - ____________

iii) ईंट से ईंट बजाना - ____________

iv) खाक में मिलाना - ____________